हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 17 मई 2024

11 लंबे समय बाद ग्रामीण रूट पर चली रोडवेज बस




12 नियमित योगा से शरीर में रोग बनती है रोग प्रतिरोधक क्षमता



## खबर संक्षेप

### आज पूरा दिन बंद रहेगी बिजली की सप्लाई

**सतनाली मंडी।** पावर हाउस बारड़ा 33 केवीए से संबद्ध फीडरों की बिजली आपूर्ति शुक्रवार को सुबह सात से सायं सात बजे तक बाधित रहेगी। सब स्टेशन इंचार्ज अमित कुमार ने बताया कि शुक्रवार को पावर हाउस में पुरानी वीसीबी को हटाकर नई वीसीबी लगाने का कार्य किया जाएगा। जिस कारण पावर हाउस से चलने वाले सभी फीडरों की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

### प्रो. महेंद्र सिंह ने संभाला प्राचार्य का कार्यभार

**महेंद्रगढ़।** राजकीय महिला कॉलेज में संगीत विभागाध्यक्ष एसोसिएट प्रोफेसर महेंद्र सिंह ने



प्राचार्य के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। पूर्व प्राचार्य संजय जोशी की सेवानिवृत पर यह पद संभाला है। प्राचार्य का खाली पद भरने से कॉलेज में खुशी का माहौल है। कॉलेज स्टाफ ने प्राचार्य महेंद्र सिंह का प्राचार्य पद पर स्वागत किया। प्राध्यापिका कविता रानी, डॉ. महेश सिंह, डॉ. मक्खन सिंह, डॉ. किरण व दिनेश यादव इत्यादि मौजूद रही।

### मंदिर में दर्शन करते गई महिला की चेन चोरी

**नारनौल।** गांव में मेला में गई एक महिला की सोने की चेन चोरी हो गई। इस बारे में गांव मंढाणा वासी पीड़िता प्रमिला ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव के मेले में गई थी। जहां पर मंदिर में दर्शन करते समय अज्ञात ने उसके गले से सोने की चेन चोरी कर ली। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दुकान से नए-पुराने तार व गनमेटल चोरी

**नारनौल।** गुजरवास बस स्टैंड से अज्ञात चोर ने दुकान का ताला तोड़कर नए-पुराने तार व गनमेटल चोरी कर लिया। सलूनी निवासी पीड़ित नरेश कुमार ने बताया कि 14 मई की रात चोर दुकान से 125 किलोग्राम पुराने तार, 80 किलोग्राम नया तार व 40 किलोग्राम गनमेटल चोरी कर ले गए। इससे पहले भी दुकान में फरवरी माह में चोरी हो गई थी। जिसमें आज तक चोरों का पता नहीं लग पाया है। पुलिस ने नरेश की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गर्मी में पेयजल संकट से मिलेगी राहत

# आज नहर में पहुंचेगा पानी, दो दिन बाद शहर में होगी नियमित पेयजल सप्लाई

**28 अप्रैल से एक दिन छोड एक दिन दी जा रही सप्लाई, अधीरा बूस्टिंग स्टेशन की समस्या का भी हुआ समाधान, चार वार्डों में मिलेगी राहत**





महेंद्रगढ़। सूखी पड़ी नहर और बूस्टिंग स्टेशन। फोटो: हरिभूमि।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़

जवाहर लाल कैनाल में शुक्रवार को नहरी पानी आना शुरू हो जाएगा। वहीं जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से दो दिन बाद शहर में नियमित पेयजल सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। बता दें कि जवाहर लाल कैनाल को दक्षिण हरियाणा संजीवनी माना जाता हैं। जवाहरलाल कैनाल नहर के माध्यम से रेवाड़ी व महेंद्रगढ़ जिला में पेयजल सप्लाई की जाती है। दोनों जिले केवल नहरी पानी पर निर्भर हैं। नहरी पानी का शेड्यूल पहले 16-16 दिन का था। यानी 16 दिन नहर में पानी आता था और 16 दिन नहर बंद रहती थी। दो साल से शेड्यूल 16-24 का हो गया है। अब 16 दिन नहर में पानी आता है और 24 दिन बंद रहता है। नहर में पानी बंद होने के बाद जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से 28 अप्रैल से राशनिंग शुरू की गई थी। शहर के लोगों को एक दिन छोड़कर एक दिन पानी मिल रहा था। गर्मी के मौसम पानी की डिमांड अधिक होने के कारण शहर के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

### महेंद्रगढ़ में बने हैं चार टैंक

जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से गांव देवास में 85 लाख लीटर पानी की क्षमता के चार टैंक बनाए गए हैं। शहर की आबादी के हिसाब टैंक में 15 दिन का पानी स्टोर हो सकता हैं। प्रतिदिन शहर की 40 हजार की आबादी को प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 155 लीटर पानी के हिसाब से कुल 6.45 लाख लीटर पानी की आवश्यकता होती है। देवास जलघर से पानी को शहर के अलग-अलग हिस्सों में बने सात बूस्टर में भेजा जाता है। यहां से अलग-अलग कॉलोनियों में पानी सप्लाई होता है।

### समाधान से मिलेगी राहत

पिछले सप्ताह शहर के सबसे पुराने बुस्टिंग स्टेशन अधीरा मोटर जल गई थी। इससे पहले भी एक माह में तीन बार मोटर जल चुकी थी। ऐसे में शहर के चार वार्डों की करीब 10 हजार की आबादी के सामने पेयजल संकट खड़ा हो गया था। गर्मी के मौसम से मोटर खराब होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। लोग अपनी जेब से पैसे खर्च करके अपने घरों में पानी डलवा रहे थे। अब मोटर को ठीक करवा दिया गया है। वीरवार को शहर में पेयजल सप्लाई शुरू कर दी गई है।

### दो दिन में फुल होंगे टैंक

जनस्वास्थ्य विभाग के जेई दीपचंद का कहना है कि शुक्रवार को नहर में पानी आना शुरू हो जाएगा। दो दिन तक सभी टैंक को फुल किया जाएगा। इसके बाद शहर में नियमित पेयजल सप्लाई कर दी जाएगी। इसके अलावा अधीरा बूस्टिंग स्टेशन की समस्या का भी समाधान हो चुका है।

### प्रचंड गर्मी में अघोषित लंबे बिजली कट से लोग परेशान

सतनाली मंडी। गर्मी के तल्ख होते जा रहे तेवर से जनजीवन अस्त व्यस्त है। वीरवार को अन्य दिनों की अपेक्षा गर्मी का प्रकोप कुछ ज्यादा ही रहा, साथ ही कस्बे में सुबह से लग रहे अघोषित लंबे बिजली कटों ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी। कस्बे के अनिज, राजू, नवीन, मुकेश, महेंद्र, बिजेंद्र, जोगेंद्र, संजय, विनोद आदि अनेक उपभोक्ताओं ने बताया कि वीरवार सुबह करीब आठ बजे से दोपहर तक लगातार तीन घंटे तक बिना पूर्व सूचना के बिजली कट लगा दिया गया और इसके बाद करीब एक घंटे बिजली आई और फिर से लंबा कट लगा दिया गया। इसके बाद भी शाम को कट का सिलसिला जारी रहा। उपभोक्ताओं ने बकहा कि बिना पूर्व सूचना के सुबह से दोपहर तक लंबे बिजली कट से लोगों के बिजली आधारित कार्य बाधित रहे और पेयजल के लिए भी परेशान होना पड़ा। उपभोक्ताओं ने बताया कि सतनाली को जब से जगमग योजना में शामिल किया गया है, आए दिन अघोषित बिजली कट की समस्या से जूझना पड़ता है। उन्होंने सतनाली को पुनः सिटी फीडर बनाने और समस्या के समाधान की मांग की है। दूसरी ओर तेज धूप व गर्म हवाओं से जनजीवन थम से गया है। अति आवश्यक होने पर ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। जिससे दोपहर में बाजार सूनसान दिखाई दे रहे हैं। गर्मी के कारण स्कूली छात्र भारी परेशान हैं। दोपहर में छुट्टी के बाद आग उगलती गर्मी के बीच बच्चों को घर जाना पड़ता है। अभिभावकों ने गर्मी के तेवरों को देखते हुए छोटी कक्षाओं की छुट्टी करने व स्कूलों के समय परिवर्तन की मांग की है।



## मतदान के दिन हर गतिविधि की सीधी रिपोर्ट करेंगे माइक्रो आब्जर्वर

**नारनौल।** माइक्रो आब्जर्वर चुनाव आयोग की आंख व कान होते हैं। मतदान के दिन होने वाली हर गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखने तथा उसकी सीधे आब्जर्वर को रिपोर्ट करना जिम्मेदारी है। ऐसे में सभी माइक्रो आब्जर्वर मतदान शुरू होने से लेकर खत्म होने तक की सारी जानकारी अच्छी तरह से प्राप्त कर लें, ताकि सही रिपोर्टिंग हो सके। यह निर्देश लोकसभा आम चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक आर गजलक्ष्मी ने वीरवार को सभागार में माइक्रो आब्जर्वर के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिए। सामान्य पर्यवेक्षक ने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक देश की पहली शर्त निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण चुनाव करवाना होता है। हम सबका ध्येय प्रजातांत्रिक मूल्यों को इसी प्रकार बरकरार रखना है। माइक्रो आब्जर्वर का काम बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ अपना काम करें। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन की विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को नोट करने के लिए अलग से फार्म दिए जाएंगे, जो सभी माइक्रो आब्जर्वर को बहुत ही ध्यान पूर्वक भरने हैं। जिला नगर आयुक्त महावीर प्रसाद ने प्रोजेक्टर के माध्यम से चुनावी प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर जिला राजस्व अधिकारी सुशील शर्मा के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### आज से डाइट में दो दिवसीय असाइनमेंट कार्यक्रम प्रशिक्षुओं का भाग लेना अनिवार्य, होगा मूल्यांकन

**महेंद्रगढ़।** डीएलएड यानी जेबीटी प्रशिक्षुओं की 16 मई को इंटर्नशिप पूरी होने के बाद 17 और 18 मई को महेंद्रगढ़ स्थित डाइट प्रांगण में दो दिवसीय असाइनमेंट कार्यक्रम होगा। इसके तहत प्रशिक्षुओं द्वारा इंटर्नशिप के दौरान किए गए कामकाज एवं तैयार की गई पाठ योजना का मूल्यांकन किया जाएगा। शिक्षण अधिगम पद्धतियों का फीडबैक लिया जाएगा। असाइनमेंट कार्यक्रम के लिए डाइट के अलावा दो अन्य निजी शिक्षण संस्थान, शांति कॉलेज ऑफ एजुकेशन रिवासा व श्री गणपति कॉलेज ऑफ एजुकेशन फैजाबाद को भी समन्वय केंद्र बनाया गया है। असाइनमेंट कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षुओं का पहुंचना अनिवार्य है। कार्यक्रम में महेंद्रगढ़ के तहत आने वाले 57 शिक्षण संस्थानों के करीब 3350 छात्र अध्यापक भाग लेंगे। प्रभारी नरेश कुमार यादव ने बताया कि सभी छात्र अध्यापक राजकीय व प्राइवेट विद्यालयों में तीन अप्रैल से सात सप्ताह की इंट्रेनशिप पर चले गए थे। अब 16 मई को इंट्रेनशिप पूरी होने जा रही है। इसके बाद 17 और 18 मई को डाइट महेंद्रगढ़ व बनाए गए विभिन्न समनव्य केंद्रों पर असाइनमेंट कार्यक्रम होगा, जिसमें छात्र अध्यापकों द्वारा तैयार की गई पाठ योजना व शिक्षण अधिगम पद्धतियों का मूल्यांकन किया जाएगा।

## विवि टीम ने किया सतनाली कॉलेज का शैक्षणिक व प्रशासनिक लेखा परीक्षण

**सतनाली मंडी।** राजकीय स्नातकोत्तर कॉलेज में वीरवार को शैक्षणिक व प्रशासनिक ऑडिट का कार्य प्राचार्य विरेंद्र सिंह शेखावत व प्रो. डा. सुधीर लांबा, ऑडिट प्रभारी डा. श्रीभगवान की देखरेख में सम्पन्न हुआ। शैक्षणिक एवं प्रशासनिक लेखा परीक्षण हेतु आईजीयू मीरपुर रेवाड़ी से रसायन शास्त्र विभाग के प्रो. डा. कर्णसिंह व राजकीय महाविद्यालय अटेली के प्राचार्य डा. राजेश कुमार सैनी की टीम ने महाविद्यालय का दौरा किया।

प्राचार्य विरेंद्र सिंह शेखावत ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि निरक्षण हेतु पहुंची टीम ने महाविद्यालय के प्रत्येक विभाग की



शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों के सभी दस्तावेजों की गहनता से जांच की। ऑडित के तहत ऑफिस संबंधी रिकॉर्ड, वित्तीय दस्तावेज, पुस्तकालय, सेल एवं लैब आदि के रिकॉर्ड का परीक्षण-निरीक्षण किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय नियमानुसार कार्डिनेटर डा. श्रीभगवान ने टीम के समक्ष जानकारी प्रस्तुत की। प्राचार्य ने यह जानकारी दी।

## अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, राजमिस्त्री की मौत

- गांव बूढ़वाला के पास हुआ हादसा।

**नारनौल।** अज्ञात वाहन चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक चालक की मौत हो गई। इस बारे में नांगल चौधरी पुलिस थाना में दी शिकायत में गांव दौलतपुरा वासी विश्राम कुमार ने बताया कि उसका पिता चुन्नीलाल व पड़ोस के गांव समरा निवासी राजू पुत्र रामेश्वर नारनौल में मिस्त्री का काम करते थे और वहीं रहते थे। विश्राम ने बताया कि 15 मई अलसुबह करीब तीन बजे उसे सूचना मिली कि उसके पिता की दुर्घटना में लगी चोट के कारण मौत हो गई है। विश्राम ने बताया कि उसके पिता चुन्नीलाल बाइक चला रहे थे, जबकि राजू उसके पीछे बैठा था। जब बाइक बूढ़वाल गांव से आगे पहुंची तब किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे लगी चोट के कारण उसके पिता की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ...और अपने बच्चों के लिए 'पनिहार' बन गए गुरुजी



नारनौल। कैम्पर सिर पर रखकर पानी लेकर जाता शिक्षक। फोटो: हरिभूमि।

44 डिग्री से अधिक तापमान और झुलसा देने वाली गर्मी यदि प्यास बुझाने को कहीं दो बूंद पानी मिल जाए तो अमृत बन जाती है। शायद यही कारण है कि गर्मी में कोई प्याऊ बैठता है तो कोई वाटर कूलर लगाता है। कुछ लोग समाज सेवक के रूप में नाम चमकाने के लिए यह काम करते हैं तो कुछ अपने मन की शांति के लिए। प्राथमिक पाठशाला पंजाबी-2 के शिक्षक सूबेसिंह गर्मी के मौसम में पाने के पानी के लिए अपने स्कूल के बच्चों को हो रही परेशानी से इतना दुखी हुई कि कैपर उठकर खुद पानी लेने के लिए मोहल्ले में पार्क के पास बनी टंकी पर पानी लेने पहुंच गए। टंकी से पानी का कैंपर भरा और अपने सिर पर उठाकर पैदल स्कूल के लिए निकल पड़े। मास्टरजी के साथ चल रही एक छोटी बच्ची मानो यही कह रही हो, गुरुजी काश मैं बड़ी होती तो आज आपको हमारे लिए पनिहारी नहीं बनना पड़ता। स्कूल की चारदीवारी टूटी होने के कारण शरारत तत्व टंकी पर लगी टोंटी तोड़ देते हैं। जिससे पिछले कई दिनों से स्कूल में पानी की समस्या बनी हुई है। यहां 25 मई को मतदान भी होना है। ऐसे में मतदाताओं को भी गर्मी में समस्या हो सकती है। शिक्षक ने नकली तोड़ने से स्कूल में पानी की समस्या के कारण बच्चे तेज धूप में बच्चे पानी के लिए इधर-उधर भटकते देखकर उन्होंने खुद पानी का कैंपर भरकर लाने का निर्णय लिय।

## अब कार्ड पर मिलेगी पांच किलो गेहूं, बाजरा अभी डिपुओं पर पड़ा

**महेंद्रगढ़।** डिपो होल्डरों ने वीरवार को अपनी समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रधान महावीर सिंह ने बताया कि विभाग ने 15 मई से राशन कार्ड धारकों को बाजरा न देने का फैसला लिया हैं। अब उपभोक्ताओं को गेंहू चार किलो की जगह पांच किलो दिया जाएगा, लेकिन विभाग ने सभी राशन डिपों की दुकानों में मई माह का बाजरा भेजा हुआ है। डिपो पर काफी मात्रा में बाजरा बचा हुआ हैं। जिसे जल्द से जल्द उठाना चाहिए।



बाजरा देने पर डिपो होल्डर के साथ मारपीट हो सकती है। इस मौके पर इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार, प्रधान महावीर सिंह, अनूप व नरेंद्र सहित अनेक डिपो धारक मौजूद रहे।

## घर से सोने के गहने व चांदी के सिक्के चोरी

- एक सप्ताह पहले मायके गई थी चांदनी, पति नेवी और ससुर बीएसएफ में कार्यरत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल

सतनाली पुलिस थाना के अंतर्गत एक गांव में में रात को मकान का ताला तोड़कर सोने के आभूषण व चांदी के सिक्के चोरी करने का मामला सामने आया है। इस बारे में पीड़ित चांदनी पत्नी प्रशांत वासी गाव जड़वा ने सतनाली पुलिस थाना में दी शिकायत में बताया कि उसका पति नेवी में कार्यरत है, जबकि उसका ससुर बीएसएफ में कार्यरत है। पीड़िता ने बताया कि करीब एक सप्ताह पहले वह मकान के सभी ताले लगाकर अपने मायके रेवाड़ी चली गई थी। इसके बाद 15 मई को उसे पता चला की मकान में चोरी हो गई है।

जिस उसने मायका से वापस आकर मकान में देखा तो सामान बिखरा हुआ पड़ा था। मकान चेक करने पर पता चला की अज्ञात चोर ताला तोड़कर दो सोने की अंगुठी, दो सोने की चेन, एक जोड़ी कानों की सोने की झुमकी, एक चांदी का नारियल, पांच चांदी के सिक्के चोरी कर ले गया। जिसमें सोना लगभग 4.5 तोला व चांदी लगभग 200 ग्राम थी। पीड़िता ने बताया पता चला कि उसी रात गांव की विद्या देवी पत्नी सांवत सिंह के मकान का तोला तोड़कर चोर सोना-चांदी के आभूषण व नकदी चोरी कर ले गया। सतनाली थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर धारा 380 व 457 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शोरूम से एसी मंगवा दूसरे टैम्पो में रखवाया, पैसा लेने दूसरी जगह बुलाया

- डॉ. मीनाक्षी के नाम से किया फोन, पैसे देने के लिए अस्पताल बुला बंद कर लिया फोन

**नारनौल।** शहर में एक फर्नीचर शोरूम से फोन करके कॉलोनी में एक एसी मंगवा लिया, लेकिन रुपये नहीं दिए और ना ही एसी वापस दी। ऐसा करके फोन करने वाले ने शोरूम सेल्समैन के साथ ठगी कर लिए। जिस पर शहर थाना पुलिस ने शोरूम सेल्समैन की शिकातय पर आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव कुंजपुरा वासी पीड़ित धर्मवीर ने बताया कि वह बहादुर सिंह तालाब पर स्थित सिटी फर्नीचर शोरूम में बतौर सेल्समैन कार्यरत है। एक दिन के शोरूम के लैंडलाइन पर डा. मीनाक्षी का फोन आया और एसी के बारे में पूछताछ की। इसके बाद 30 हजार रुपये में एसी लेना फाइनल कर लिया। डा. मीनाक्षी ने कहा कि एसी एम्पलाइज कॉलोनी में पते पर भिजवा दो, रुपये वहीं दे देंगे। जिस पर उसने एसी टैम्पो में लोड करके बताए गए पते पर ड्राइवर मुकेश वासी मित्रपुरा को भेज दिया। जब टैम्पो बताए गए पते पर पहुंचा तो देखा कि घर बंद था। वहां पर एक टैम्पो खड़ा था। जिस पर टैम्पो ड्राइवर ने डा. मीनाक्षी को कॉल किया, तो मीनाक्षी ने कहा कि यह उसका भाई है एसी यहां पर उसके पास ही उतार दो, वह रुपये भेज रही है। जिस पर काफी देर रूकने के बाद टैम्पो ड्राइवर ने फिर से मीनाक्षी के पास फोन किया, तो मीनाक्षी ने कहा कि आप संवेदना अस्पताल आ जाओ रुपये यहीं दे दूंगी। जिस पर मुकेश एसी को टैम्पो से उतार कर रुपये लेने के लिए अस्पताल चला गया। जहां पर काफी बार फोन करने के बाद भी कोई रुपये देने नहीं आया और मीनाक्षी ने भी अपना फोन बंद कर लिया। इसके बाद ड्राइवर मुकेश वापस कॉलोनी में आया और देखा की एसी व टैम्पो दोनों वहां पर नहीं थे। इसके बाद ड्राइवर मुकेश ने आसपास में पूछताछ की तो पता चला कि एक टैम्पो खाली गया है तथा उसके बाद आए एक दूसरे टैम्पो में उसका एसी लोड होकर कहीं गया है। पीड़ित ने बताया कि मीनाक्षी ने ऐसा करके उसके साथ धोखाधड़ी की है।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में 7वें राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कार्यक्रम संपन्न हो गया। 16 सत्रों में आयोजित 10 दिवसीय कार्यक्रम देशभर से 119 शिक्षकों व शोधार्थियों ने हिस्सा लिया। वीसी प्रो. टंकेश्वर कुमार कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि शिक्षा नीति-2020 सीधे उद्यमिता विकास, बहुविषयक अध्ययन के विकल्प व सीखने की स्वतंत्रता देती है।

समापन सत्र में विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुई। भारतीय ज्ञान परंपरा और नई शिक्षा नीति के महत्त्वपूर्ण स्तंभों का उल्लेख अपने संबोधन में किया। टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम निदेशक प्रो.



प्रमोद कुमार तथा उपनिदेशक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि आयोजन में विशेषज्ञों ने भारतीय ज्ञान परंपरा, शैक्षणिक नेतृत्व एवं प्रशासन, सूचना एवं संचार तकनीक, कौशल विकास, स्टूडेंट डाइवर्सिटी और समग्र शिक्षा विषय पर विस्तार से बात रखी।

एनसीईआरटी के प्रो. एसके यादव, एनसीईआरटी की पूर्व शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. सरोज बाला, हकेंवि के डॉ. संतोष सीएच, विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी पलवल के प्रो. ऋषिपाल, हकेंवि के प्रो. पवन कुमार मौर्य, कर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो. जीआर अंगाड़ी, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के शिक्षा पीठ के पूर्व अधिष्ठाता प्रो. आरएस यादव, हकेंवि के प्रो. संजीव कुमार व प्रो. सुरेंद्र सिंह, गुजवि हिसार की प्रो. वंदना पूनियां, लखनऊ विवि के प्रो. उमेश चंद वशिष्ठ, एमडीयू रोहतक के पूर्व कुलपति प्रो. बिजेंद्र पूनिया, श्री मां वैष्णो देवी यूनिवर्सिटी के प्रो. सुपर्ण कुमार शर्मा, डॉ. अभिजीत प्रमाणिक और डॉ. विनोद कुमार व प्रो. प्रमोद कुमार ने अपने विचार रखें।

## बैठक कर पार्क से अग्रसेन का बोर्ड हटाने पर जताया रोष

# सर्वसम्मति: हुडा सेक्टर पार्क बनाने वाले को वोट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल

महाराजा अग्रसेन क्लब हुडा सेक्टर की बैठक बुधवार रात को आयोजित की गई। जिसमें क्लब के सभी पदाधिकारी एवं अधिकांश सदस्य उपस्थित रहे। इस बैठक में हुडा सेक्टर के छोटे पार्क पर महाराजा अग्रसेन के नाम का बोर्ड हटाने पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। बैठक में क्लब के पदाधिकारी ने बताया कि सेक्टर की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने सुभाष पार्क के साथ लगते छोटे पार्क, जो कि हुडा सेक्टर का ही हिस्सा है।



नारनौल। बैठक के दौरान रोष जताते समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

जिसका नाम महाराजा अग्रसेन के नाम पर पारित किया था। जिस पर अग्रसेन क्लब ने वहां महाराजा अग्रसेन पार्क का बोर्ड लगा दिया था तथा उस पार्क की देखभाल एवं सफाई का कार्य भी क्लब की ओर से करवाया जा रहा था।

उन्होंने कहा कि बड़े ही खेद की बात है कि एक जाति विशेष के कुछ असामाजिक तत्वों को महाराज अग्रसेन का नाम नागवार गुजरा और उन्होंने रात के अंधेरे में उस बोर्ड को वहां से उखाड़ दिया। जिससे पूरे अग्रवाल समाज की भावनाएं आहत हुई और वह सरकार तथा जिला प्रशासन से अभी तक असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई ना करने से काफी निराश हैं। महाराजा अग्रसेन क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि वे इस मामले में हरियाणा के तत्कालीन उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, उपायुक्त मोनिका गुप्ता, नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी व एस्टेट ऑफिसर हुडा रेवाड़ी को अपना विरोध दर्ज करवाया चुके है। जिन लोगों ने भी महाराजा अग्रसेन का बोर्ड पार्क से हटाया है, पूरा समाज उसकी घोर भर्त्सना एवं निंदा करता है। महाराजा अग्रसेन क्लब ने की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है कि लोकसभा चुनाव में अग्रवाल समाज उसी राजनीतिक दल को अपना समर्थन देगा व उनके पक्ष में मतदान करेगा, जो कि पूरे अग्रवाल समाज को सम्मान देगा तथा महाराजा अग्रसेन पार्क के नाम को पूरे मान-सम्मान के साथ फिर से बहाल करेगा।

बच्चों, समर वेकेशंस में तुम अपनी हॉबी के अनुसार म्यूजिक, ड्राइंग जैसे क्लासेज ज्वाइन कर अपने स्किल को तो बढ़ा सकते ही हो, साथ ही अपनी फैमिली के साथ कुछ समय बिताकर अपनी वेकेशंस को और अच्छे से यूज कर इसे स्पेशल-मेमोरेबल भी बना सकते हो।

# समर वेकेशंस को बनाओ स्पेशल-मेमोरेबल

यूटिलाइजेशन
शीला श्रीवास्तव

बच्चों, पूरा साल तुम्हारा समय पढ़ाई और स्कूल की दूसरी एक्टिविटीज में निकल जाता है। तुम्हारे पास ज्यादा समय नहीं रहता, इसलिए तुमको घर के मेंबर्स के साथ जिस तरह समय बिताना चाहिए, नहीं बिता पाते। लेकिन समर वेकेशंस एक ऐसा मौका है, जब तुम ना सिर्फ अपने हॉबी क्लासेज ज्वाइन कर सकते हो, अपनी फैमिली से भी जुड़कर अपनी समर वेकेशंस को बहुत ही यूजफूल बना सकते हो। कैसे, जानो।

## सुबह की हो सुहानी शुरुआत

बच्चों, गर्मी की छुट्टियों में सुबह जल्दी जरूर उठो। बाहर खुली जगह जाकर टहलो, एक्सरसाइज करो। इसके बाद अपने मम्मी-पापा के लिए ब्रेकफास्ट बनाओ। शुरुआत में तुम नाश्ते के लिए कोई आसान चीज बनाओ, जैसे सैंडविच, मिल्क शेक, शरबत या फ्रूट सलाद आदि। बाद में तुम यू-ट्यूब या अपने बड़ों की मदद से तरह-तरह की डिशेज बना सकते हो। जब मम्मी-पापा तुम्हारे हाथ की बनी तरह-तरह की डिशेज खाएंगे तो उन्हें खुशी होगी। उनकी सुबह सुहानी हो जाएगी।

## घर और बाहर के कामों में मदद

घर के छोटे-छोटे कामों में मम्मी-पापा की मदद करो। जैसे- बर्तन सही जगह रखना, कपड़े तह करना, डस्टिंग करना आदि। यदि तुम साइकिल ठीक से चला लेते हो और बाहर आने-जाने में हैवी



ट्रैफिक का खतरा नहीं है, तो घर के जरूरी सामान मार्केट से ले आओ। इससे तुम्हें खरीदारी के तौर-तरीके और बाजार की कीमतों का पता चलेगा। पैसे के जोड़-भाग से तुम्हारा गणित ज्ञान भी बढ़ेगा।



## घर के बुजुर्गों का रखो ख्याल

अगर तुम अपने दादा-दादी के साथ रहते हो, तो इस समर वेकेशंस में उनके साथ अधिक से अधिक समय बिताओ। उनकी देखभाल करो, उनके छोटे-मोटे कामों में मदद करो। जैसे- समय पर उन्हें दवाई दो, उन्हें अखबार या उनकी पसंद की किताब पढ़कर सुनाओ, उनके साथ सुबह या शाम को पार्क में टहलने जाओ। बुजुर्गों को बच्चों का साथ बहुत अच्छा लगता है। छुट्टियों में तुम उनके साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताओ। तुम्हारा प्यारा-सा साथ पाकर वे बहुत खुश होंगे। तुम्हें भी उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

अगर घर में कोई पक्षी या अन्य पालतू जानवर हैं, तो तुम खुद ही उसकी केयर करो। इससे मम्मी-पापा को तो मदद मिलेगी ही, तुम्हें भी अच्छा लगेगा।

## सीखो मेहमाननवाजी

बच्चों, तुम्हारे घर में मेहमान जरूर आते होंगे। घर में जब मेहमान आएं तो उनकी खातिरदारी में मम्मी-पापा की मदद करो। इससे तुम्हें लोगों को रिसीव करने, उनसे बातचीत करने का सलीका आएगा, साथ ही तुम मेहमानों के लिए खान-पान की व्यवस्था कैसे करनी है, उसमें वैराइटीज कैसे लानी है, सर्व कैसे करना है, ये सब बातें सीखने का मौका मिलेगा। इस तरह तुम अच्छे मेहमाननवाज बनोगे।

## हरा-भरा बनाओ अपना घर और कॉलोनी

यदि तुम्हारे घर के लॉन में पेड़-पौधे हैं, तो इन गर्मियों की छुट्टियों में उनकी देखभाल का जिम्मा तुम लो। सुबह-शाम



पेड़ों की सिंचाई, गुड़ाई, क्यारियों और गमलों की सफाई तुम्हें कब और कैसे करना है, इसकी जानकारी तुम अपने मम्मी-पापा से लो। अपने हाथों से पौधे लगाओ। पौधों में फूल आने से पहले इनकी देखभाल कैसे होती है, यह जानो। तुम चाहो तो दोस्तों के साथ मिलकर अपनी कॉलोनी में पेड़ लगाने का अभियान शुरू कर सकते हो।

## भाई-बहनों के साथ बिताओ समय

बच्चों, साल भर तुम ही नहीं, तुम्हारे बड़े या छोटे भाई-बहन भी अपनी पढ़ाई में बिजी रहते हैं। उनके साथ समय बिताने का मौका भी तुम्हें कम ही मिल पाता है। छुट्टियों का यह समय तुम उनके साथ बिताओ। उनके साथ गेम्स खेलो। यदि तुम्हारे भाई-बहन छोटे हैं, तो घर के छोटे-मोटे कामों में उनकी भी मदद लो। ऐसा करने से तुम भाई-बहनों के बीच अच्छा तालमेल बनेगा।

बच्चों, इस तरह तुम जब समर वेकेशंस अपने मम्मी-पापा, दादा-दादी और भाई-बहन के साथ



मिलकर काम करोगे, उनके साथ समय बिताओगे तो ये दिन मेमोरेबल तो रहेंगे ही, साथ में फैमिली के साथ तुम्हरी बॉन्डिंग भी बढ़ेगी, जो परिवार की खुशहाली के लिए जरूरी है। *

एंज्वॉयमेंट / अनुराग मनींद्र

# ट्राई करो ये ट्विस्टी टंग-ट्विस्टर्स

बच्चों, टंग-ट्विस्टर्स के बारे में तो तुम्हें पता ही होगा! टंग-ट्विस्टर कोई मुश्किल वर्ड होता है या फिर कुछ वर्ड्स का कॉम्बिनेशन होता है, जिसे एक निश्चित समय सीमा में, बिना रुके, जल्दी-जल्दी बोलना और बार-बार दोहराना होता है। बच्चों, जब कोई टंग-ट्विस्टर बोलते हुए अटकता है या उसकी जुबान लड़खड़ाती है और उसके मुंह से 'कुछ का कुछ' निकलता है, तो टंग-ट्विस्टर बोलने वाले और बुलवाने वाले दोनों को ही खूब मजा आता है।



बच्चों, आज हम तुम्हारे लिए हिंदी के कुछ मजेदार टंग-ट्विस्टर्स लेकर आए हैं। इनमें से कुछ तो तुम्हें पहले से पता होंगे और कुछ तुम्हारे लिए बिल्कुल नए होंगे। तुम्हें इन टंग-ट्विस्टर्स को 15 सेकेंड्स के भीतर बिना रुके, जल्दी-जल्दी बोलना है और बार-बार दोहराना भी है। देखते हैं कि 15 सेकेंड्स में कितनी बार तुम ये टंग-ट्विस्टर्स बिना लड़खड़ाए या बिना अटके बोल पाते हो। तो चलो, एक-एक करके ट्राई करो ये ट्विस्टी टंग-ट्विस्टर्स-

- ऊंट ऊंचा, ऊंट की पीठ ऊंची, ऊंची ऊंट की पूंछ।
- कच्चा पापड़, पक्का पापड़।
- पीतल के पतीले में पपीता पीला पीला।
- नीला अंगूर, काला लंगूर।
- उड़ी चिड़ी ऊंची उड़ी, सब्जी पूड़ी ठंडी पड़ी।
- नीली रेल, लाल रेल।
- रोड रोलर, लोड रोलर।
- खड़क सिंह के खड़कने से खड़कती हैं खिड़कियां।
- राजा गोपी गोपाल गोपग्गम दास।
- चार नई नवेली दुल्हन, दुल्हन नई नवेली चार।
- लपक बबुली लपक, अब ना लपकबे त लपकबे कब।

क्यों बच्चों, इन्हें बोलते-बोलते तुम्हारी 'टंग' भी हो गई न 'ट्विस्ट'?

तुम ये टंग-ट्विस्टर्स अपने दोस्तों और भाई-बहनों को भी बोलने के लिए कहो और हंसो, हंसाओ, एंज्वॉय करो। *

### टंग-ट्विस्टर्स के फायदे

बच्चों, टंग-ट्विस्टर्स एक अच्छा 'आर्टिकुलेशन एक्सरसाइज' (उच्चारण अभ्यास) भी है। इसके लगातार प्रयोग से शब्दों का सही उच्चारण करने की क्षमता विकसित होती है। कई सारे कलाकार और स्टेज-आर्टिस्ट्स भी टंग-ट्विस्टर्स का अभ्यास करते हैं, इससे उन्हें मंच पर स्पष्ट और धाराप्रवाह बोलने में आसानी होती है। कई बार स्पीच-थेरेपिस्ट भी टंग-ट्विस्टर्स का अभ्यास करने की सलाह देते हैं। इससे साफ-साफ और स्पष्ट बोलने की आदत बनती है।

## जीके क्विज-104

1.हाल ही में भारत के किस राज्य में 'स्कूल ऑन व्हील्स' की शुरुआत की गई?
2.छत्तीसगढ़ के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
3.आर्य समाज की स्थापना किसने की थी?
4.अंतरिक्ष की दूरी मापने के लिए किस इकाई का प्रयोग किया जाता है?
5.क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है?
6.शुष्क बर्फ (ड्राई आइस) क्या होता है?
7.कौन-सा विटामिन खून का थक्का बनाने (ब्लड-क्लॉटिंग) में सहायक होता है?
8.पानीपत की दूसरी लड़ाई किसके बीच हुई थी?
9.श्वेत क्रांति (व्हाइट रिवॉल्यूशन) का संबंध किससे है?
10.'गीता रहस्य' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?



बच्चों, जीके क्विज-104 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-103 का उत्तर :** 1.उसेन बोल्ट, 2.नेपाल, 3.दो बार, 4.हरा, 5.एंटनी वान ल्यूवेनहॉक, 6.सिक्किम, 7.जयप्रकाश नारायण, 8.न्यूटन, 9.सिद्धार्थ, 10.रवींद्रनाथ टैगोर

**जीके क्विज-103 का सही उत्तर देने वाले :** मानवी मधुकर-बिलासपुर, कबीर-हिसार, यदुवेंद्र-महेंद्रगढ़, सरबजीत-करनाल, शुभम-बिलासपुर, बी. ईशान-अहमदाबाद, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, सलोनी-रायपुर, शिवम-रोहतक, हर्ष-दिल्ली, राजन-भोपाल, दिव्यम-धमतरी, काव्या-राजनांदगांव

## हंसगुल्ले



**गप्पू :** कल मैंने एक रॉकेट छोड़ा तो सीधा सूरज से टकरा गया।
**पप्पू :** अरे! फिर क्या हुआ?
**गप्पू :** फिर मेरी पिटाई हुई।
**पप्पू :** किसने पीटा?
**गप्पू :** सूरज की मम्मी ने।
-आर्यन, रायपुर

**टीचर :** 'तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है।' इसका भविष्य काल बताओ?
**पिंकी :** अब लाइट जाएगी।
-माही, भोपाल

सोनू ने मोनू के घर का दरवाजा खटखटाया।
**मोनू :** कौन है?
**सोनू :** मैं हूं।
**मोनू :** मैं कौन?
**सोनू :** अरे, तू मोनू है...और कौन?
-चिराग, दिल्ली

कहानी
सरस्वती रमेश

सोनू और मोनू आपस में बहुत झगड़ते थे। उनके झगड़े से मम्मी बहुत परेशान रहती थीं। एक दिन घर में नानी आईं और रात सोनू-मोनू के कमरे में उनके साथ सोईं। अगली सुबह जब दोनों उठे तो जरा भी नहीं लड़े। आखिर नानी ने सोनू-मोनू पर ऐसा क्या जादू किया, जो उनके स्वभाव में इतना बड़ा बदलाव दिखा।

# खत्म हुई मम्मी की परेशानी



सोनू और मोनू जुड़वा भाई हैं। उनकी शक्ल बिल्कुल एक जैसी है, लेकिन स्वभाव और पसंद एकदम अलग। दोनों की आपस में बिल्कुल नहीं बनती है। हर बात पर झगड़ा करते हैं। कभी-कभी तो झगड़ा इतना बढ़ जाता कि मम्मी-पापा को झगड़ा सुलझाने आना पड़ता। मम्मी दोनों बच्चों के झगड़े से बहुत ज्यादा परेशान रहती हैं, लेकिन उन्हें इसे खत्म करने का कोई उपाय नहीं सूझता।

एक दिन सोनू-मोनू से मिलने उनकी नानी आईं। नानी दोनों को बहुत प्यार करती हैं। उनके लिए गांव से ताजे फल लाती हैं। इस बार भी नानी बेर, कैथ, इमली और कैरी लेकर आईं। सोनू-मोनू को ये फल बहुत पसंद हैं। शहर में तो ये चीजें मुश्किल से मिलती हैं। इसलिए जब नानी इन्हें लेकर आतीं तो दोनों बड़े चाव से खाते हैं। नानी को आए अभी थोड़ी देर ही हुई थी। वह सोफे पर बैठीं चाय-नाश्ता कर रही थीं। तभी दोनों भाइयों का झगड़ा शुरू हो गया। सोनू कह रह था,'बेर और इमली मैं खाऊंगा। कैरी और कैथ तुम ले लो।'

'नहीं कैथ तुम ले लो, मैं बेर लूंगा।' मोनू चिल्लाया। 'ये दोनों इसी तरह दिनभर लड़ते रहते हैं। मैं तो परेशान हो चुकी हूं।' मम्मी ने नानी को बताया। 'तुम परेशान मत हो, मैं इन्हें समझा दूंगी।' नानी बोलीं।

रात को खाने के बाद सब सोने चले गए। नानी का बिस्तर सोनू-मोनू के कमरे में ही लगा था। 'नानी हमें कहानी सुनाओ न।' सोनू बोला।'मुझे भी सुननी है।' मोनू खुशी से उछलकर बोला। 'ठीक है सुनो।' नानी ने कहानी सुनानी शुरू की, 'एक किसान था। उसके चार बेटे थे। किसान के पास खूब सारे खेत थे। किसान अब बूढ़ा और बीमार हो गया था। बिस्तर पर पड़े-पड़े वह सोचता रहता कि उसके खेतों की देखभाल कैसे होगी? उसके बच्चे तो हमेशा आपस में लड़ते रहते हैं। खेती-बारी में उनकी कोई रुचि नहीं है। उधर धीरे-धीरे पड़ोसियों को किसान के बेटों के बीच झगड़े की बात पता चल गई। उनकी नजर किसान के खेतों पर थी। वे किसान के खेत हड़पने लगे। उन्हें पता था, चारों भाइयों को तो आपस में लड़ने से फुर्सत नहीं है। खेत देखने कोई नहीं आएगा। किसी ने किसान के खेतों में जानवर बांधने शुरू कर दिए तो किसी ने बाड़ लगाकर फसल बोनी शुरू कर दी। धीरे-धीरे पड़ोसियों ने किसान के सारे खेत हड़प लिए। न तो खेत बचे और न खाने को अनाज। जब घर में खाने को कुछ नहीं बचा तब एक दिन किसान के बेटे खेतों में पहुंचे। लेकिन वहां तो कोई और खेती करने में जुटा हुआ था। अब चारों भाइयों की आंखें खुलीं, लेकिन अब बहुत देर हो चुकी थी।' कहानी सुनाने के बाद नानी ने बच्चों से पूछा, 'कुछ समझ आई कहानी?'

'हां, समझ में आई। भाइयों को आपस में लड़ना नहीं चाहिए।' मोनू बोला। 'तब तुम दोनों क्यों लड़ते हो?' नानी ने पूछा। 'अब हम नहीं लड़ेंगे नानी।' सोनू ने कहा।

'मैं भी नहीं लड़ूंगा।' मोनू बोला।

'शाबाश! अब दोनों सो जाओ। रात बहुत हो गई है।' नानी हंसते हुए बोलीं। सुबह सोनू-मोनू का बदला हुआ बर्ताव देखकर मम्मी हैरान थीं। दोनों मिलकर बिना झगड़े बड़े प्यार से काम कर रहे थे। मम्मी सोच में पड़ गईं कि आखिर नानी ने बच्चों को ऐसा क्या समझा दिया है, जो उनकी परेशानी खत्म हो गई। *

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन



# दिन गर्मी के

सूरज जब भी आंख तरेरे
समझो हैं दिन गर्मी के।
हवा चलाए गरम थपेड़े
समझो हैं दिन गर्मी के।
ताल-तलैया प्यासे, आए
सूखे से दिन गर्मी के।
मास्टर जी की बेंत सरीखे
रूखे से दिन गर्मी के।

सारा पानी सोख लिए हैं
जमाखोर दिन गर्मी के।
चलते कितने धीरे-धीरे
कामचोर दिन गर्मी के।
रातें तिल सीं और ताड़
से बने हुए दिन गर्मी के।
गुस्से में ज्यों आंख तरेरे
तने हुए दिन गर्मी के।

बूझो तो जानें / पवीन कुमार



1. सफेद खेत में बोए देखो
काले-नीले मोती
लंबा पतला बैल है
विद्या की खेती होती

2. दिखता लंबे सांप जैसा
लोहे का है फन
कमर से जो लिपटा वो
बात गई फिर बन

3. दो भाई दोनों अलबेले
एक-दूजे के पक्के चेले
कभी नहीं वो रहें अकेले
पहन देखने जाओ मेले

4. एक तो घोड़े जैसी भागे
एक की मध्यम चाल
कछुए जैसी एक है चलती
फिर भी करे कमाल

उत्तर: 1. कागज-पेन, 2. बेल्ट, 3. जूते, 4. घड़ी की सुईयां

## रंग भरो-150

**रंग भरो-150** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।






दिव्यांश, दुर्ग



भावन्या, भिलाई



कल्पित, रोहतक



पलक, अटेली मंडी



युक्ति, धमतरी



सुयश, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

भूमिका-बलौदा बाजार, फाल्गुनी-भिलाई, प्रगति-बिलासपुर, आर.विद्या-रायपुर, रितेश-मटियारी, सृष्टि-रायपुर, वेदिका-बालोद, यशिका-बिलासपुर, नेहा-धमतरी, पूजा-रोहतक, रुचिका-दिल्ली, वैभव-करनाल, देवेश-भोपाल

## रंग भरो 151



बच्चों, इस चित्र में रोनित और पाखी बॉल खेलने जा रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।




## गिनकर बताओ

बच्चों यहां एक साथ कई सारे डॉग्स के चित्र दिए गए हैं। तुम्हें गिनकर बताना है कि इस चित्र में कुल कितने डॉग्स हैं?



उत्तर: 10

## खबर संक्षेप



### शिक्षिका ने स्कूल में वाटर कूलर किया दान

**नांगल चौधरी।** पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल की शिक्षका कुसुमलता यादव ने स्कूल को वाटर कूलर दान किया है। साथ ही प्राचार्या कैलाश यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित करके उन्होंने विद्यार्थियों पक्षियों के लिए जल प्रबंध करने का संदेश दिया। इस दौरान लू से बचाव संबंधी टिप्स भी विद्यार्थियों को दिए गए। उन्होंने बताया कि नांगल दुर्गू गांव पहाड़ की तलहटी पर बसा हुआ है। जहां सुबह नौ बजे ही तापमान बढ़ने लगता है तथा देर रात तक लू का प्रकोप बना रहता है। जिस कारण गांव में पेयजल की किल्लत बढ़ गई।

### आधा दर्जन से युवकों पर मारपीट का मामला दर्ज

**मंडी अटेली।** गांव चंदपुरा के पास श्री श्याम ब्रिकस ईंट फैक्ट्री के पास आधा दर्जन युवकों ने चंदपुरा वासी अंकित कुमार और उसके दोस्त अभय सिंह के साथ मार-पिटाई कर दी। अंकित ने शिकायत में बताया कि 5 मई की रात्रि में वह और उसका दोस्त अभय सिंह गांव तिगरा काठुवास टोल से अपने गांव चंदपुरा की तरफ आ रहे थे। जब वह श्री श्याम ब्रिकस ईंट फैक्ट्री के पास पहुंचे तो अचानक एक थार गाड़ी ने आकर उनका रास्ता रोका। उस गाड़ी से अरुण, अभिषेक, अभिषेक, रोहित, राकेश वासी चंदपुरा, अरविंद निवासी भीलवाड़ा गाड़ी से नीचे उतरे व साहिल बजाड़ व अन्य 7-8 आदमी फैक्ट्री के अंदर से बाहर आए और मारपीट की।

### यूरो स्कूल कनीना का परीक्षा परिणाम रहा श्रेष्ठ

**कनीना।** सीबीएसई बोर्ड की ओर से हाल ही में जारी किए 10वीं व 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में यूरो स्कूल कनीना विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। स्कूल के चेयरमैन सत्यवीर यादव ने बताया कि मानस ने 99 फीसदी अंक, परी व नेहा ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दसवीं कक्षा को टॉप किया है। वहीं कक्षा 12वीं नॉन मेडिकल में नेहा ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कए हैं। मेडिकल में तनुश्री ने 96 व कॉमर्स में इशु यादव 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय की निदेशिका स्वाति यादव ने अच्छे परिणाम के लिए शिक्षकों की प्रशंसा की।



### चोरी की बाइक सहित कांवी का नरेश काबू

**नारनौल।** थाना शहर पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में आरोपित को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान नरेश वासी कांवी नांगल चौधरी के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपित को शहर क्षेत्र से पकड़कर उसके पास से बरामद चोरी की बाइक को जब्त कर लिया। आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### पूर्व विधायक नरेश यादव का कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**मंडी अटेली।** हरियाणा युवा किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक नरेश यादव के आह्वान पर 17 मई को सुबह नौ बजे नई अनाज मंडी में एक कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी राव दानसिंह विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी पूर्व विधायक नरेश यादव ने दी।



## नारनौल डिपो ने रेवाड़ी से शाम को बवानिया-कुंड ग्रामीण रूट पर शुरू की बस सेवा

# लंबे संघर्ष के बाद ग्रामीण रूट पर चली रोडवेज बस, ग्रामीणों में हर्ष

चार विधानसभा क्षेत्र के 50 गांवों के लोगों को मिलेंगी शाम के समय बस की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नारनौल डिपो ने रेवाड़ी से शाम को बवानिया-कुंड ग्रामीण रूट पर एक नई बस सेवा शुरू की है। बस के शुरू होने पर वीरवार को मेघनवास चौक पर विभिन्न ग्राम पंचायत व सामाजिक संगठनों ने चालक सुनील कुमार व परिचालक सतीश कुमार का फूल माला पहनाकर स्वागत किया है। बस के चलने से चार विधानसभा क्षेत्र महेंद्रगढ़, अटेली, कोसली व बावल के ग्रामीणों को बसका लाभ मिलेगा। बस को चलवाने के लिए सामाजिक संगठन के लोग करीब एक साल से संघर्ष कर रहे थे। बीते मंगलवार को भी डीसी व सीएम विंडों पर शिकायत लगाई गई थी। दोनों डिपो नारनौल व रेवाड़ी के अधिकारी ने तालमेल कर बस चलाने का फैसला लिया।




**महेंद्रगढ़।** यह बस चलेंगी ग्रामीणों रूटों पर। *फोटो : हरिभूमि*

### कई बार दे चुके थे ज्ञापन, अब चली बस

क्षेत्र की दर्जनों ग्राम पंचायतों ने सीएम, परिवहन मंत्री के नाम दर्जन से भी अधिक बार बस चलाने को लेकर ज्ञापन दे चुकी थी। इसके अलावा ग्रामीण विधायक सीताराम, विधायक लक्ष्मण यादव, मंत्री बनवारी लाल, विधायक राव दानसिंह व डीसी महेंद्रगढ़ तथा एसडीएम महेंद्रगढ़ को कई बार लिखित प्रस्ताव दे चुके, परंतु नारनौल डिपो के अधिकारी कहते थे कि हमारे जिले के क्षेत्र के गांव नहीं हैं, रेवाड़ी डिपो इस बस को चलाएगा। जब ग्राम पंचायत रेवाड़ी डिपो के अधिकारी से मिलते थे तो वह जवाब देते थे कि हमारे जिले के गांव नहीं हैं। इस रूट पर बस चलवाने को को लेकर जनप्रतिनिधि भी दोनों डिपो के महाप्रबंधक को कई बार फोन किए गए। तब जाकर अधिकारियों ने बवानियां रूट पर वीरवार को बस सेवा शुरू कर दी है। इस मौके पर समाजसेवी रामनिवास पाटोदा, ठेकेदार महीपाल यादव, सूरत सिंह पंच, विजय सिंह, सतबीर, जगदीश, बिरेंद्र नंबरदार, रमेश, गांव खेड़ा के सरपंच प्रतिनिधि ओमकुंवार, सतीश, करतार सेठ, डॉ. धर्मेंद्र डुलाना, बिरेंद्र डुलाना, धर्मबीर गोमला, मुकेश, चितलांग, संजीव व सरपंच हरिओम सहित अनेक ग्रामीणों ने बस का स्वागत किया है।

**यात्रियों को मिलेगा लाभ**

बवानियां रूट पर शाम के समय बस सेवा शुरू होने पर गांव कुंड, भैरू का बांस, मोहनपुर, नांगल, ऊंचा, नीचा, गोमला, सुंद्रह, भोजावास, बवानिया, डुलाना गांव सहित अनेक गांवों के ग्रामीणों को फायदा मिलेगा। यह बस रेवाड़ी बस स्टैंड से प्रतिदिन शाम-6:10 बजे चलकर महेंद्रगढ़ रात्रि ठहराव करेंगी। बस सेवा शुरू होने से ग्राम पंचायतों व सामाजिक संगठनों ने नारनौल डिपो के महाप्रबंधक अनीत यादव, सीआई ब्रह्मप्रकाश यादव व डीआई रोहताश यादव सहित अन्य अधिकारियों का आभार जताया है।



**नारनौल।** यदुवंशी स्कूल में बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए।

## यदुवंशी स्कूल में दी विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी

- जीवन की सुरक्षा के लिए सुड़क सुरक्षा का करें पालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला ट्रैफिक पुलिस ने वीरवार को यातायात पुलिस इंचार्ज इंस्पेक्टर नरेश के नेतृत्व में यदुवंशी शिक्षा निकेतन थनवास के छात्रों को ट्रैफिक नियम की जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि इस दौरान ट्रैफिक प्रबंधक इंस्पेक्टर नरेश व उनकी टीम ने बच्चों को वीडियो के माध्यम से जानकारी दी गई कि ओवर स्पीड में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करना सड़क दुर्घटना का कारण बन जाते है। जिसके बारे में चालकों को सजग रहना चाहिए। सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों की पूरी पालना करनी चाहिए। कार व हलके वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने की सलाह देते हुए अपनी लेन में वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया गया। स्कूल बस चालकों को पुलिस की ओर से बताया गया कि किसी भी प्रकार के नशे की हालत में कभी वाहन ना चलाएं। स्कूली बच्चों को समझाया गया कि 18 वर्ष के होने से पहले हमें व्हीकल नहीं चलाना चाहिए। एसएचओ ने कहा कि लोगों को चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपने अमूल्य जान-माल की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों की पालना करने बारे जागरूक होना चाहिए।

## छात्रों को मतदान करने की दिलाई शपथ

- जीनियस एकेडमी में मतदान को लेकर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

जीनियस एकेडमी में सभी विद्यार्थियों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया तथा सभी युवाओं को लोकतंत्र के पर्व में भाग लेने की शपथ दिलाई गई। एकेडमी डायरेक्टर अमित यादव ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वोट का अधिकार हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हम अपनी इस ताकत का सही रूप मे इस्तेमाल कर विकास की नई दिशा तय कर सकते हैं। अपनी पंसद की व मजबूत सरकार बनाने के लिए अधिक से अधिक मतदान जरूरी है। हम सभी नागरिकों का दायित्व है कि लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। संविधान में मिले मौलिक अधिकार का सदुपयोग करें। बिना किसी प्रलोभन के निर्भीक होकर बूथ पर पहुंचे और अपना वोट डाले। चेयरपर्सन सोनिका यादव ने भी सभी विद्यार्थियों को लोकतंत्र के इस महापर्व पर मतदान के लिए प्रेरित किया एवं अन्य लोगों को भी इसके लिए जागरूक करने को कहा। उन्होंने बताया की निवार्चन आयोग भी समय-समय पर मतदान के लिए जागरूकता अभियान चला रहा है, ताकि मत प्रतिशत को बढ़ाया जा सके। मतदान के द्वारा ही हम अपने देश की तरक्की के लिए एक ईमानदार एवं राष्ट्रहितेषी सरकार बनाने में अपनी भागीदारी मजबूत कर सकते हैं।



**महेंद्रगढ़।** मतदान करने की शपथ लेते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

## विश्व डेंगू दिवस पर ग्रामीणों को किया जागरूक

**कनीना।** सीएचसी सेहलंग व पीएचसी भोजावास में विश्व डेंगू दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सेहलंग में आयोजित शिविर में .डा. प्रभा ने डेंगू से बचाव की जानकारी दी। उन्होंने आमजन से कहा कि डेंगू एक जानलेवा बीमारी है, जो मच्छर के काटने से फैलती है। स्वास्थ्य निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने कहा कि बुखार होना, तेज सिर दर्द होना, मांसपेशियों व जोड़ों में दर्द होना, आखों में जलन होने पर नजदीकी अस्पताल में जाए और रक्त की जांच करवाएं। पीएचसी भोजावास में डा. दीपांशु व एचआई राजकुमार ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि वे अपने घर के नजदीक पानी जमा न होने दें। इस मौके पर पूनम, प्रेमलता, अनिल कुमार, अमरजीत, महेंद्र सिंह, आशीष कुमार, पंकज, प्रवीन, विजय, सुषमा, मंजू, उषा, पुष्पा, जयश्री के अलावा एमपीएसएस राजेंद्र कुमार, नवनीत, इंद्रजीत,



**कनीना।** विश्व डेंगू दिवस पर जानकारी देते अस्पताल के चिकित्सक।




**नारनौल।** राजवंशी स्कूल दौचाना के विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

## राजवंशी स्कूल दौचाना का 12वीं व 10वीं का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**नारनौल।** राजवंशी शिक्षा निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल दौचाना का कक्षा 12वीं व 10वीं का परीक्षा परिणाम गत सात-आठ वषार्ं की तरह अबकी बार भी शत-प्रतिशत ही रहा। स्कूल प्राचार्य दिनेश कुमार ने ख़ुशी जाहिर करते हुए बताया कि विद्यालय निरंतर अपना रिजल्ट क्षेत्र में सबसे अधिक देता आ रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष युक्ता पुत्री सुरेंद्र कुमार ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, आयुष कुमार पुत्र अनिल कुमार ने 93 प्रतिशत अंक हासिल कर कक्षा में द्वितीय, तनिषा पुत्री अश्वनी कुमार ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा 10वीं में नेहा पुत्री सत्यवीर ने प्रथम स्थान हासिल किया। इनके अलावा दोनों कक्षा के 12 अन्य विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

## श्रीमद्भागवत साक्षात नारायण का स्वरूप: बजरंग

- कथा में भगवान के 24 अवतारों का वर्णन किया, श्रद्धालुओं ने लिया कथा का आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

श्री गो गोपाल प्रचार एवं असहाय सेवा संस्थान तत्वावधान में आयोजित की जा रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन वीरवार को सर्वप्रथम आचार्य मनीष शास्त्री, राघव शास्त्री, यस शर्मा व अंकित शर्मा ने मुख्य यजमान महेश भालोठिया, सहयजमान सुरेश चौधरी, सुरेश शर्मा व संजय अग्रवाल से विधिविधान से सभी देवताओं का पूजन करवाया। इसके बाद भागवत जी की आरती व व्यास जी का पूजन कर कथा शुभारंभ किया। जिसमें आचार्य बजरंग शास्त्री ने बताया कि श्रीमद्भागवत साक्षात नारायण का स्वरूप है और मुक्ति प्रदाता है। भागवत के आरंभ में सबसे पहले सत्य को प्रणाम किया गया है। शास्त्री ने बताया कि भागवत में मुख्य रूप से भगवान के 24 अवतारों का वर्णन किया गया है। इस मौके पर राजकुमार चौधरी, नेमीचंद जैन, प्रधान महेंद्र नूनीवाला, विनोद सोनी, संयोजक विजय जिंदल, कृष्ण गुप्ता, गुरुप्रसाद आदि रहे।



**नारनौल।** श्रीमद्भागवत कथा में मौजूद श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

## डेंगू दिवस के अवसर पर मोहल्ला फ्रांसखाना में जागरूकता शिविर लगवाया

# डेंगू को लेकर स्वास्थ्य विभाग का अलर्ट का दावा : डोर टू डोर सर्वे के लिए 152 टीम गठित, अभी तक 842360 घरों का किया सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

- प्रत्येक रविवार को ड्राई डे के रूप में मनाए

स्वास्थ्य विभाग की ओर से वीरवार को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर मोहल्ला फ्रांसखाना के आंगनबाड़ी सेंटर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर उप सिविल सर्जन डा. मनीष यादव ने कहा कि कोई भी बुखार डेंगू हो सकता है। यदि किसी व्यक्ति को अचानक तेज बुखार आए, अचानक तेज सिर दर्द हो, जोड़ों में दर्द हो, आंखों में जलन और तेज दर्द हो तो यह बुखार डेंगू हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह बुखार एडीज मच्छर के काटने से फैलता है, यह दिन के समय में काटता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी को बुखार आए तो तुरंत रक्त की जांच करवाएं, जो जिला अस्पताल पर निःशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा प्राइवेट अस्पताल में भी डेंगू जांच के लिए 600 रुपये की फीस निर्धारित की है। इसके साथ ही सीएचसी व जिला स्तर पर अलग से डेंगू वार्ड भी बनाए गए हैं। जहा डेंगू का ईलाज मुफ्त उपलब्ध है। डेंगू से बचाव के लिए अपने घरों के आसपास पानी इखट्टा ना होने दें, पानी के सभी बर्तनों को सप्ताह में एक बार खाली करके व सुखा कर दौबारा भरें। प्रत्येक रविवार को ड्राई डे के रूप में मनाए। शरीर को ढक कर रखें, मच्छररोधी दवा, क्रीम और कीटनाशक का प्रयोग करें व पूरी बाजू के कपड़े पहने। उन्होंने कहा कि पुराने सामान जैसे टायर, ट्यूब, खाली डब्बे आदि खुले में ना रखे। डा. मनीष यादव ने बताया कि इसके साथ-साथ पूरे जिले में सोर्स रिडक्शन एक्टिविटीज व बुखार के डोर-टू-डोर सर्वे के लिए 152 टीम बनाई गई है। यह टीमें अभी तक 842360 घरों का सर्वे कर चुकी है। इस अवसर पर डा. दीपक शर्मा ने बताया कि अभी तक इस वर्ष जिले में कोई भी डेंगू पॉजिटिव केस नहीं आया है, जबकि 2023 में 44 डेंगू पॉजिटिव केस आए थे, जो ईलाज के बाद सभी स्वस्थ हैं। इस मौके पर राकेश शर्मा, मुकेश यादव, सतीश कुमार, महेश कुमार, अजय कुमार, मनोज कुमार, रेखा शर्मा, उषा, मुकेश कुमार सहित काफी संख्या में मोहल्ले के लोग मौजूद थे।



**नारनौल।** डेंगू बुखार के बारे में जागरूक करते चिकित्सक। *फोटो : हरिभूमि*

- डेंगू बुखार एडीज मच्छर के काटने से होता है: डा. मनीष यादव



**महेंद्रगढ़।** विजय चिह्न बनाकर खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

## यूरो स्कूल का दसवीं और 12वीं का परिणाम रहा सराहनीय

- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र किए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सीबीएसई के कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम में यूरो स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यूरो ग्रुप ऑफ स्कूल चेयरमैन सत्यवीर यादव ने बताया कि मानस ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा 10वीं में टॉप किया। इसके अलावा छात्रा परी व नेहा ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया। कक्षा 10वीं में छात्र प्रियांशु 98 प्रतिशत, ईशा 98, दीपिका 98, निकिता 98, कीर्ति 97.8, देव 97.6, पारिशा 97.6, हर्षित 97.6, साक्षी 97.6, मोहित 97.4, यति 97.4, प्राची 97.2, भविष्या 97, भावेश 96.8, जयश्री 96.8, अंजली 96.6, हिमांशु 96.4, विनायक 96.4, हार्दिक 96.2, हर्षिता 96.2, साहिल 96.2, यश प्रताप सिंह 96.2, दीक्षा 96, अभिषेक 96, विवेक सिंह 96, अनामिका यादव 96, निधि यादव 96, शोबित 95.8, यश यादव 95.6, निखिल 95.6, अभिनव 95.6, हर्ष यादव 95.6, साहिल 95.6, रहक 95.4, आर्य 95.4, कशिश 95.4, यश कुमार 95.4, आदित्य जोशी 95.20, मुस्कान 95.2, ध्वनि 95, मयंक 95, संजना 95, भव्या 95, कनिष्क 95, विवेक 95, नानिका 95, यशस्वी 95, स्वीटी ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अलावा कक्षा 12वीं नॉन मेडिकल में नेहा ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया, मेडिकल में तनुश्री 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया तथा कॉमर्स में इशु यादव ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया। इसके अलावा छात्रा आरती ने 97.6 प्रतिशत, विशाल 97.4, आयुषी धाकड़ 97.4, अंजली यादव 97.2, कुमुद अरोरा 96.4, तनुश्री 96, सानवी 96, अक्षत वर्मा 95.6, खुशी 96.8, अश्विका 96.2, अरोही 95.8, सपना 95.4, दिपांशु पुंडीर 95.0 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। संस्था निर्देशक नितिन यादव ने अच्छे परिणामों के लिए छात्रों, अभिभावक एवं अध्यापकों को बधाई दी। निदेशिका स्वाति यादव ने अच्छे परिणामों के लिए सभी की प्रशंसा की। इस अवसर पर प्रिंसिपल मीनू दुबे, अनिल यादव, सुनील यादव, अनामिका सिंह, नवीना दास, अर्चना सिंह, डॉ. प्रिया, डॉ. सुधा चौहान व प्रियंका अवस्थी ने खुशी जाहिर की।



**नारनौल।** श्रीकृष्ण स्कूल में मस्ती करते बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

## श्रीकृष्ण स्कूल में बच्चों ने उठाया रेन डांस का लुत्फ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

श्रीकृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल भुंगारका के प्राइमरी विंग में रेन डांस व पूल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत प्राइमरी हैड उमा यादव व सुनीता यादव ने गार्डन में बच्चों का वैलकम करके की। पार्टी की अध्यक्षता एक्टिविटी हैड उपासना शर्मा व कविता ने की। इस पार्टी में बच्चों को गर्मी के मौसम में उपलब्ध होने वाली चीजों जैसे मैंगो, वाटर मैलेन, कोल्ड ड्रिंक्स, रेन, आईसक्रीम आदि से अवगत करवाया गया व इनके बारे में जानकारी दी। इस दौरान नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के बच्चे व उनको पढ़ाने वाली अध्यापिकाएं रंग बिरंगी पोशाक में आई और कृत्रिम बरसात की बौछारों के बीच नाच गाकर व पूल में स्वीमिंग करके रेन पार्टी का खूब आनंद उठाया। स्कूल के प्रधानाचार्य वेदपाल यादव ने बच्चों के खिलखिलाते चेहरे देखकर कहा कि गर्मी से राहत दिलाती ऐसी पार्टी व अन्य गतिविधियों का आयोजन स्कूल में समय-समय पर किया जाता रहेगा।

### नावदी में सिद्ध संत बाबा नाहर सिंह की स्मृति में भंडारा व जागरण आयोजित

**मंडी अटेली।** गांव नावदी में सिद्ध संत बाबा नाहर सिंह की स्मृति में भंडारा व जागरण आयोजित किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा के चरणों में धोक लगाकर मन्नतें मांगी और प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि को विनोद मेहता गायन पार्टी के कलाकारों ने बाबा की महिमा का गुणगान कर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर किया। इस दौरान देवीसिंह देबू सरपंच तथा सतेन्द्र यादव ने जागरण में पहुंचकर बाबा की महिमा का गुणगान किया। उन्होंने कहा कि संत बाबा महात्मा भारतीय समाज के प्राण हैं। साधु महात्मा स्वयं दुख उठाकर समाज की खुशहाली के लिए तपते हैं। उन्होंने बाबा नाहर सिंह की शिक्षाओं पर चलने तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान में बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की। श्रद्धालुओं ने मुख्य अतिथिगण का पगड़ी पहनाकर तथा स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने शानदार जागरण व भंडारा आयोजित करने के लिए नावदी ग्रामवासियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर दाता साहब मंदिर के संचालक बाबा बालकनाथ, सरपंच राकेश, मुंशीराम बाबूजी, सुमेर सिंह, कर्मवीर सिंह प्रधान आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मै संदीप शर्मा पुत्र श्री बाबूलाल शर्मा देवकीनंदन हस्पताल सिंघाना रोड नारनौल ने अपना नाम संदीप कुमार से बदलकर संदीप शर्मा रख लिया है। भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने दो नोज चोर किए गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** नोजल चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर पुलिस टीम ने नोजल चोरी के दो मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान राजेश वासी ढाणी रापावली माधोगढ़ जिला नीमकाथाना राजस्थान और लियाकत हुसैन वासी डारवा नगर थाना ओहाला जिला बरेली यूपी को गिरफ्तार किया है। आरोपितों को प्रोडेक्शन वारंट पर लाकर गिरफ्तार किया गया और न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया। आरोपितों से पूछताछ कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### पिकअप गाड़ी के ड्राइवर के साथ हुई धोखाधड़ी

**महेंद्रगढ़।** गांव मेघनवास निवासी एक पिकअप गाड़ी के ड्राइवर के साथ धोखाधड़ी कर 60 सीमेंट के कट्टे हड़प लिए। ड्राइवर ने सिटी पुलिस थाने में शिकायत दी है। गांव मेघनवास निवासी सरजीत ने बताया कि उसका अधिकतर कार्य जिंदल मार्बल हाउस पर करता है। बीती तीन मई को मालिक पवन कुमार के मोबाइल पर सुशील ने 60 कट्टे सीमेंट पायगा गांव में मंगवाए। उसने अरविंद यादव के पास सीमेंट उतार दी। उससे रुपये मांगे तो भाई सुशील का नाम लिया। जब वह राव तुलाराम चौक पर बुला लिया। इसके बाद पुनः फोन बंद मिला।

### नोजल चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** नोजल चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर पुलिस टीम ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान सुनील वासी डुमोली और पप्पू वासी डुमोली (सिंघाना) के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपितों को प्रोडेक्शन वारंट पर लाकर गिरफ्तार किया और न्यायालय से पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान आरोपितों से चोरी की नोजल के बारे में पूछताछ की। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। माजरा खुर्द निवासी मनोज कुमार व अन्य गांव वालों ने थाना शहर में नोजल चोरी की शिकायत दी कि 19 फरवरी को रात एक बजे से सुबह चार बजे के बीच उनके कुएं की नोजल चोरी हो गई।

### पंचकूला से कार्यक्रम का दिखाया गया लाइव प्रसारण

# नियमित योगा से शरीर में रोग बनती है रोग प्रतिरोधक क्षमताः डॉ. अजीत

- योग से बड़ी से बड़ी बीमारी पर भी पाया जा सकता है काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

हरियाणा योग आयोग के निर्देशानुसार गांव शहबाजपुर की योग व व्यायामशाला में जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. अजीत सिंह के निर्देश एवं जिला योग कोर्डिनेटर डा. सतीश कुमार के नेतृत्व में अंतर राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर लाइव सेशन योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें योग विशेषज्ञा सुधा यादव, डा. ललित मोहन जोशी व डा. विनय विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम का पंचकूला मुख्य कार्यालय से लाइव प्रसारण किया गया।

प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को योग की महता से अवगत करवाया व योग दिवस की तैयारियों को लेकर प्रदेश भर में लग रहे योग प्रशिक्षण शिविर में विभाग की ओर से दिशानिर्देश दिए गए। इस अवसर पर योग विशेषज्ञ सुधा यादव ने शिविर में उपस्थित लोगों को योग से अवगत करवाते हुए कहा कि इस भागदौड़ भरी जिंदगी में व गलत खानपान के चलते शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने लग जाती है। जिसके चलते शरीर में अनेक प्रकार के रोग उत्पन्न होने लगते हैं, लेकिन योग एक ऐसी क्रिया है जो कि रोजाना करने से शरीर शारीरिक रूप से तो मजबूत होता ही है, बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूती मिलती है। वहीं योग करने से बड़ी से बड़ी बीमारी पर भी काबू पाया जा सकता है। साथ ही तनाव मुक्त जीवन जीने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से योग पद्वति चली आ रही है। ऋषि-मुनियों ने योग के बलबूते 100-100 सालों तक अपने शरीर को निरोग व हृष्ट-पुष्ट बनाए रखा है, लेकिन आज के समय में प्रतिस्पर्धा के चलते लोग अपनी दिनचर्या पर ध्यान नहीं देते हैं। वहीं गलत खानपान के चलते लोग बीमार हो रहे हैं। इसलिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए, साथ ही अन्य लोगों को भी योग करने के प्रति जागरूक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार भी लोगों में योग के प्रति जागरुकता लाने के लिए अनेक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करवा रही है। डा. ललित मोहन जोशी ने कहा कि करो योग, रहो निरोग, लोगों को रोजाना योग करना चाहिए ताकि शरीर स्वस्थ और निरोग बना रहे। उन्होंने कहा कि योग हमारे जीवन से जुडे भौतिक, मानसिक, भावनात्मक व आध्यात्मिक सभी पहलुओं पर काम करता हैं।



नारनौल। अंतर राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर लाइव सेशन योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर में योग करते हुए। फोटो : हरिभूमि

व्यावहारिक स्तर पर योग शरीर, मन और भावनाओं को संतुलित करने तथा तालमेल बनाने का एक साधन है। शिविर में पहुंचे योगार्थियों को योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया व योग के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। शिविर में पहुंचे लोगों में योग के प्रति रूचि को देखकर व कार्यक्रम के अच्छे संचालन के लिए कार्यक्रम संयोजिका बेबी सोनी की सराहना की गई। प्रोटोकॉल का अभ्यास आयुष योग सहायिका अशोक कुमारी ने करवाया। इस मौके पर आयुष योग सहायक अशोक कुमार भोजावास, अनिल नायन, अशोक कुमारी सिरोही, ललित बनिहाड़ी, सुरेंद्र नांगल कालिया सहित काफी संख्या में योगाभ्यासी बच्चे व लोग मौजूद थे।



नारनौल। अग्रवाल सभा में बैठक करते सम्मेलन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## सावित्री बनीं जिला महिला व भुवनेश युवा जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला की बैठक अग्रवाल सभा भवन में राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष प्रवीन बंसल ने सम्मेलन की ओर से की गई गतिविधियों से अवगत करवाया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि अग्रोहा शक्तिपीठ में निर्माणाधीन महालक्ष्मी मंदिर का कार्य जोर शोर से चल रहा है। अग्रवाल समाज में बहुत जबरदस्त उत्साह है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि महीने में एक बार शक्तिपीठ पहुंचकर मां लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए। अग्रोहा में एक विशाल गुफा का निर्माण हो रहा है। जिसमें चारों धाम की एवं प्रमुख नदियों की सेंसर के माध्यम से दर्शन करवाए जाएंगे। वहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पूर्णिमा को अग्रसेन महाराज के मंगल पाठ का आयोजन करना चाहिए।

- चार धाम का करवाएंगे दर्शन, बनाई जा रही है गुफा

सम्मेलन के जिला चेयरमैन प्रेमचंद गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि शीघ्र ही शहर में अग्र भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जिला अध्यक्ष प्रवीन बंसल से विचार-विमर्श करने के उपरांत जिला कार्यकारिणी का विस्तार करती हुए अग्रवाल सभा की गवर्निंग बॉडी सदस्य सावित्री संघी को महिला जिला अध्यक्ष व सुशीला गोयल पत्नी विनय कुमार गोयल एडवोकेट को शहरी अध्यक्ष, अल्पना बंसल को महिला जिला महामंत्री, भुवनेश सिंगल को जिला युवा अध्यक्ष, कुलभूषण गर्ग को लीगल सेल का जिला अध्यक्ष व श्यामसुंदर बंसल को जिलामंत्री नियुक्त किया। जिला महामंत्री कृष्ण कंछल ने वर्चुअल माध्यम से इस बैठक में हिस्सा लिया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद गर्ग, संरक्षण सत्यनारायण गुप्ता, सुदर्शन बंसल, इंद्रलाल, शंकर लाल, भुवनेश सिंघल, कुलभूषण गर्ग, श्यामसुंदर बंसल, सावित्री संघी, उमा अग्रवाल मौजूद रहे।

## बीईओ कार्यालय में मतदाता जागरूकता व ओवाईएमएस कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शिक्षा विभाग की ओर से मतदाता स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूक करने के लिए वीरवार को नांगल चौधरी खंड कार्यालय में खण्ड शिक्षा अधिकारी संतोष की अध्यक्षता में खण्ड स्तरीय मतदाता जागरूकता कार्यक्त्रम व ओवाईएमएस (ऑनलाइन यूथ मेंबरशीप सिस्टम) कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर ब्रिगेड कमांडर सेंट जॉन एंबुलेंस डिविजनल टेकचंद यादव ने कहा कि मतदाता बनकर ही हम राष्ट्रीय पर्व चुनाव का पर्व देश का गर्व मतदान में भाग ले सकते हैं। प्रत्येक मतदाता को अपने मत का प्रयोग जरूर करना चाहिए। इस अवसर पर डीओसी स्कॉउट रमेश कुमार सोनी ने उपस्थित स्कूल मुखियाओं को ओवाईएमएस के बारे में विस्तार से बताया। स्काउट गाइड कब बुलबुल रोवर रेंजर का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा कर सभी बच्चों की यूआईडी बनवाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्कूल से दो स्काउट्स, दो गाइड्स, दो जूनियर रेडक्रॉस सदस्यों की सूची भी उपलब्ध करवाएं। 25 मई को मतदान केंद्र पर दिव्यांगों और बुजुर्ग मतदाताओं का सहयोग करने के लिए अपनी वॉलिंटियर सेवा देनी होगी। डीओसी बुलबुल पवित्रा यादव ने स्वीप कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक देश में मतदाता की जागरूकता और समझदारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



नारनौल। मतदान जागरूकता कार्यक्रम में संबोधित करते डीओसी रमेश सोनी।

## भ्रम फैलाकर वोट हथियाना चाहती है कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़/भिवानी

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार चौ. धर्मबीर सिंह ने वीरवार को अटेली विधानसभा क्षेत्र के गांव खेड़ी, नावदी, रामपुरा, कांटी, बिहाली, नीरपुर, नांगल, राजपुरा, पृथ्वीपुरा, तोबड़ा, फतेहपुर, ताजपुर, भलवाड़ा, कुंजपुरा, बाछोद, सराय बहादुर नगर, सुराणी, छापड़ा सलीमपुर, खोड़, तिगरा, भोड़ी, गुजरवास, कटकई, मोहम्मदपुर, गढ़ी रूथल, खारीवाड़ा, कारिया, महासर, खैराणी, मोहलड़ा, राताकलां, गिरधरपुर, बोचडिय़ा, सलीमपुर, धनोदा, उनींदा, अटेली, बेपुर, गाणियार, बजाड़, चंदपुरा, सूजापुर आदि गांवों में जनसभाओं को संबोधित किया तथा भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान विभिन्न गांवों में पहुंचने पर चौ. धर्मबीर सिंह का फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया।





कार्यक्रम के दौरान धर्मबीर सिंह ने लोगों से शत.प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किए जाने का आह्वान किया। चौ. धर्मबीर सिंह ने लोगों से आह्वान किया कि विरोधियों के किसी भी भ्रामक प्रचार से बचे। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है, वे केवल भ्रम की स्थिति बनाकर वोट हथियाना चाहते है। समय आ गया है कि मतदाताओं को यह पहचनना होगा कि इस लोकसभा क्षेत्र का भला कैसे हो सकता है। धर्मबीर सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश को तोड़ने का काम किया क्योंकि उसकी नीति व नीयत देशवासियों के प्रति कभी ठीक नहीं रही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता के लिए ऐसे लोगों से गठबंधन बनाए हुए है,जो कांग्रेस को कोसते है। इससे साबित होता है कि कांग्रेस को आमजन के हितों की नहीं, अपनी सत्ता की परवाह है। इस मौके पर विधानसभा से पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव ने कहा कि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है, इसीलिए वे ऐसा प्रचार करके नागरिकों को भ्रमित करना चाहते है। इस मौके पर रोशन कुमार, विकास, अशोक यादव, राजेंद्र यादव सहित भाजपा के सभी प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोचार् के अध्यक्ष, संयोजक, शक्ति केंद्र प्रमुख, प्रभारी, बूथ प्रमुख, पालक, त्रिदेव सहित सरपंच, बीडीसी सदस्य व भाजपा अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिस 152-डी का हो रहा गुणगान उस पर चुकाना पड़ रहा मोटा टोल

**22 को दादरी में आएंगे राहुल गांधी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा पर दादरी में 22 मई को कांग्रेस नेता राहुल गांधी आएंगे। यहां से वह हरियाणा की चुनावी जनसभा की शुरूआत करेंगे। उक्त विचार इंडिया गठबंधन के महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा प्रत्याशी राव दानसिंह ने भिवानी की सब्जी मंडी, हनुमान गेट, हर हर महादेव धर्मशाला, ढाणी महताब के हालुवास गेट, फूलों वाला चौक, किरोड़ीमल मंदिर, बार एसोसिएशन कोर्ट, भंसी पाना मैन चौक, ब्राह्मण धर्मशाला, अजय सांगवान बैंक कॉलोनी, गवार फैक्ट्री के पीछे, अहीरों की गली, गुजरों वाला पार्क, हुड्डा मार्केट, हनुमान मंदिर चौक, कृष्णा कॉलोनी, पवन बुवानीवाला कार्यालय में जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं।



इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राव दानसिंह का जोरदार स्वागत किया। राव ने कहा कि जजपा पर कांग्रेस को भरोसा नहीं है। पहले वह अपने 10 विधायकों की परेड करवाए। जजपा केवल बरगला रही है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के खाते में यहां विकास के नाम पर कुछ नहीं है। जिस नेशनल हाइवे 152 डी का गुणगान किया जा रहा हे, उस पर जनता को भारी टोल टैक्स देना पड़ रहा है। राव दान सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर प्रदेश में 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को राजस्थान प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जुल्ली नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों को दौरा करेंगे।

## साफ पानी में लारवा छोड़कर डेंगू का खतरा बढ़ाता मच्छर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एसएमओ डा. धर्मेश कुमार सैनी की अध्यक्षता में डेंगू जागरूकता दिवस मनाया गया। जिसमें स्टाफ कर्मियों को गांव वाइज पेयजल टंकियों का निरीक्षण करने की जिम्मेवारी सौंपी। साथ ही बुखार पीड़ितों का ब्लड सैंपल लेकर लैब में जांच करवाने और पीड़ितों को तत्परता से इलाज मुहैया करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एडीज मच्छर का वीआईपी कल्चर होता है, जो हमेंशा टंकी, कूलर व अन्य स्थन पर रूके हुए साफ पानी में लारवा छोड़ता। यह लारवा बहुत तेजी से मच्छर में तबदील होने लगता है, जल्द ही बचाव नहीं करने की स्थिति में एडीज मच्छरों का झुंड तैयार हो जाएगा। एडीज मच्छर रात को नहीं काटता, मनुष्य को दिन में काटता है।



नांगल चौधरी। डेंगू जागरूकता अभियान की रूपरेखा बनाते हुए स्वास्थ्य विभाग के कर्मी। फोटो : हरिभूमि

जिससे पीड़ित को डेंगू बुखार होने का खतरा बढ़ जाएगा। एसएमओ ने कहा कि डेंगू पीड़ित को तेज बुखार, अचानक सिर दर्द, मांसपेशियों में खिंचाव व दर्द, आंखों के पीछे दर्द और इधर-उधर घुमाने में परेशानी होने लगेगी। बचाव के लिए घरों के आसपास गड्ढों को मिट्टी से भरवा दें और कूलर, होद, टंकियों की सप्ताहिक सफाई करना जरूरी है। शरीर को ढक कर रखें व मच्छर रोधी दवा का इस्तेमाल करें।



मंडी अटेली। मुंडिया खेड़ा में डेंगू दिवस पर मच्छरों के बचाव के लिए जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सब सेंटरों पर मनाया डेंगू दिवस मनाया

**मंडी अटेली।** क्षेत्र के गांव मुंडिया खेड़ा एवं उसके अंतर्गत आने वाले सब सेंटरों पर वीरवार को डेंगू दिवस मनाया गया। डेंगू दिवस पर स्कूल तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में डेंगू से बचाव के बारे में जानकारियां दी गई। बुखार आने पर स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर खून की जांच करवाएं तथा डॉक्टर की सलाह से ही दवाई का प्रयोग करें। चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप कुमार ने बताया कि क्षेत्र में गंदे पानी को अपने आसपास इकट्ठा न होने दें। डेंगू का मच्छर दिन के समय काटता है। इसलिए कूलर तथा पानी की टंकी को साफ-सुथरा रखें। रात में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें।





महेंद्रगढ़। जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## जाति व धर्म भूलाकर-आओ मिलकर करें सभी मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नेशनल मॉडल स्कूल में विद्यार्थियों व अध्यापकों ने शत-प्रतिशत मतदान को लेकर नगर में एक जागरूकता रैली निकाली। रैली को प्राचार्य ओमप्रकाश यादव ने हरी झंडी दिखाई। प्राचार्य ने कहा कि लोकसभा का चुनाव एक राष्ट्रीय पर्व है। हम सबको मतदान करके व मतदान करवाकर इस राष्ट्रीय पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। हमें शत-प्रतिशत मतदान करवाने के लिए अभिभावकों से भी आग्रह करना चाहिए। शिक्षा विभाग ने भी एक अभियान हाथ में लिया है, जो बच्चा अपने माता-पिता का मतदान करवाकर अपनी सेल्फी लेकर उसको चुनाव आयोग की साइट पर अपलोड करेगा ड्रॉ के माध्यम से उसको नकद इनाम दिया जाएगा। यह यात्रा कर्मचारी कॉलोनी, आदर्श कॉलोनी, छाजुपुरम, रेलवे रोड, बालाजी चौक, शॉपिंग काम्पलैक्स, आंबेडकर चौक, दीवान कॉलोनी, फ्रेंड्स कॉलोनी होते हुए स्कूल में आकर समाप्त हुई। लोग अपने घरों व प्रतिष्ठानों से बाहर निकलकर पहले मतदान फिर जलपान, राष्ट्रहित में शत-प्रतिशत मतदान, हमारा संकल्प शत-प्रतिशत मतदान, हमको यह समझाना है-शत-प्रतिशत मतदान करवाना है आदि उद्घोष बच्चों के साथ-साथ लगा रहे थे। इस मौके पर चेयरमैन प्रमोद शास्त्री सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।





सतनाली मंडी। विश्व डेंगू दिवस पर जागरूकता अभियान चलाते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : हरिभूमि

### सीएचसी में डेंगू दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**सतनाली मंडी।** सतनाली सीएचसी में विश्व डेंगू दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. विक्रम ने बताया कि हर साल 16 मई को विश्व डेंगू दिवस मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य लोगों में डेंगू के प्रति जागरूकता फैलाई जाती है, जिससे डेंगू के बढ़ते मामलों की रोकथाम की जा सके। डेंगू एक जानलेवा बीमारी है, जो मच्छरों के काटने से फैलती है। यह बीमारी शरीर में प्लेटलेट्स की कमी कर सकती है। जिससे कई बार व्यक्ति की मौत तक हो सकती है।

### सिंपग फील्ड स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

# अपने माता-पिता को मतदान केंद्र तक लाएं बच्चें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के तत्वावधान में प्रशासन के सहयोगार्थ शत-प्रतिशत मतदान के लिए चलाए जा रहे सतरंगी सप्ताह के पांचवें दिन वीरवार को मोहल्ला रावका में स्थित स्प्रिंग फील्ड स्कूल में मतदाता जागृति अभियान चलाया गया। प्रधान संजय शर्मा ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के क्रम में आज स्पिंग फील्ड स्कूल में विद्यार्थियों को अपने अभिभावकों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया।

मतदान का सीधा प्रयोजन बच्चों के भविष्य से जुड़ा हुआ है, इसलिए सभी बच्चे अपने माता-पिता को वोट डालने जाने के लिए बाध्य करें। ताकि एक स्वस्थ व नैतिक सरकार का निर्माण हो सकें। उन्होंने बच्चों के हाथों अभिभावकों को पत्र भिजवाने हुए अनुरोध किया कि अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मतदान जरूर करें। यधपि वोट देने के लिए लोगों का एक अंतहीन समुद्र मौजूद है, लेकिन हर वोट मायने रखता है। विद्यालय के संचालक भीमसेन शर्मा ने कहा कि लोकतंत्रात्मक पद्दति में चुनाव सबसे महत्वपूर्ण है और प्रत्येक अभिभावक को इसमें भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का हित इसी में है कि प्रत्येक मतदाता अपने वोट का प्रयोग अवश्य करें।



नारनौल। स्कूल में विद्यार्थियों को मतदान के लिए जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### बच्चों के लिए रखी सेल्फी प्रतियोगिता

ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि स्प्रिंग फील्ड स्कूल के विद्यार्थियों को उनके परिवार व आसपड़ोस के वोट डालने में सहयोग करने का दायित्व सौंपा गया है। बच्चे जितने वोट डालने में सहयोग करेंगे, उतनी ही सेल्फी स्कूल में भेजेंगे। सर्वाधिक सेल्फी भेजने वाले तीन विद्यार्थियों को ट्रस्ट की तरफ से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में बच्चों को इवीएम के संचालन, कार्य आदि की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर भीमसेन शर्मा, शिक्षक बलवान सिंह, भारत भूषण, पूजा, रवीना आदि मौजूद थे।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005